Ans. (b) : वन्य जीव संरक्षित क्षेत्र व जिलों का सही सुमेलन निम्न हैं-
(i) सुन्धा माता वन्यजीव संरक्षित क्षेत्र - जालोर, सिरोही
(ii) गुडा विश्नोईयान वन्यजीव संरक्षित क्षेत्र - जोधपुर
(iii) गोगेलाव वन्यजीव संरक्षित क्षेत्र - नागौर
(iv) बीड़ वन्यजीव संरक्षित क्षेत्र - झंझुनू

556. .... सफारी पार्क जयपुर में एक विशाल और सुंदर सफारी पार्क है जो तेंदुआ देखने के लिए लोकप्रिय है।
(a) रणथंभौर (b) केओलादेव
(c) माचिया (d) झालना
Pashudhan Sahayak Date. 04.06.2022

Ans. (d) : झालना सफारी पार्क राजस्थान राज्य के जयपुर में स्थित एक विशाल और सुन्दर सफारी पार्क है। यह रिजर्व 20 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल में फैला हुआ है। यह अरावली पहाड़ियों से घिरा हुआ है। यह रिजर्व तेंदुआ के लिए प्रसिद्ध है।

557. कौन सा पशु शुभंकर और जिला सुमेलित नहीं है?
(a) चीतल हिरण - जयपुर
(b) काला तीतर - झुंझुनूं
(c) कबर बिज्जू - बांसवाड़ा
(d) डेमोइसेल क्रेन - जोधपुर
Varisht Computer Anudeshak -19.06.2022

Ans. (c) : सही सुमेलन इस प्रकार है-

	पशु शंभुकर		जिला
(i)	चीतल हिरण	-	जयपुर
(ii)	काला तीतर	-	झुंझुनू
(iii)	कब्र बिज्जू	-	उदयपुर
(iv)	डोमोइसेल क्रेन/कुरंजा	-	जोधपुर

558. 'प्रोजेक्ट टाईगर' वर्ष _____ में आरम्भ किया गया।
(a) 1971 (b) 1972
(c) 1973 (d) 1974
Prayogshala Sahayak (Geography)-30.06.2022

Ans. (c) : प्रोजेक्ट टाइगर वर्ष 1973 में शुरू की गयी पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की एक केन्द्र प्रयोजित योजना है। यह देश में राष्ट्रीय उद्याानों में बाघों को आश्रय प्रदान करता है। भारत में वैश्विक स्तर पर पाये जाने वाले बाघों का 70% आबादी है।

559. राजस्थान में प्रोजेक्ट टाइगर का आरंभ निम्नलिखित में से किस वन्यजीव अभ्यारण्य से किया गया था?
(a) सरिस्का (b) रणथम्भौर
(c) केवलादेव (d) मुकुंदरा हिल्स
कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (अस्त्रक्षेप) भर्ती परीक्षा-2019

Ans. (b) सवाई माधोपुर में स्थित रणथम्भौर राष्ट्रीय उद्यान को 1957-58 में एक वन्य जीव अभ्यारण्य के रूप में स्थापित किया गया। भारत सरकार ने इस अभ्यारण्य को 1973-74 में बाघ संरक्षण हेतु प्रोजेक्ट टाइगर में शामिल किया। इसे 1980 में राष्ट्रीय उद्यान का दर्जा दिया गया।

560. निम्नलिखित युग्मों में से कौन सा सही सुमेलित नहीं है?

	वन्यजीव अभ्यारण्य		**जिला**
(a)	शेरगढ़	-	सिरोही
(b)	ताल छापर	-	चुरू
(c)	रामसागर	-	धौलपुर
(d)	सज्जनगढ़	-	उदयपुर

Prayogshala Sahayak (Geography)-30.06.2022

Ans. (a) : शेरगढ़ वन्यजीव अभ्यारण्य बारा जिले में स्थित है न कि सिरोही जिला में–

	वन्य जीव अभ्यारण्य का नाम		**जिला**
(i)	ताल छापर	–	चुरू
(ii)	रामसागर (वन विहार अभ्यारण्य)	–	धौलपुर
(iv)	सज्जनगढ़	–	उदयपुर

561. राजस्थान सरकार द्वारा राजीव गाँधी पर्यावरण संरक्षण पुरस्कार' ' प्रदान किये जाते हैं?
(a) 22 अप्रैल को (b) 5 जून को
(c) 16 सितम्बर को (d) 14 नवम्बर को
कनिष्ठ अभियंता (कृषि) सीधी भर्ती परीक्षा-10.09.2022

Ans. (b) राजस्थान सरकार द्वारा 'राजीव गाँधी पर्यावरण संरक्षण पुरस्कार' 5 जून को प्रदान किये जाते हैं। राजस्थान सरकार द्वारा यह पुरस्कार वन एवं वन्य जीव संरक्षण तथा सुरक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने हेतु प्रदान किया जाता है, जिसमें 2 लाख रू. एवं रजत ट्रॉफी व प्रमाण पत्र (व्यक्ति विशेष वर्ग) दिये जाते हैं।

562. राजस्थान में सबसे पहला राष्ट्रीय उद्यान है-
(a) रणथम्भौर
(b) सरिस्का
(c) केवलादेव
(d) मुकुंदरा हिल्स
अन्वेषक सीधी भर्ती परीक्षा 2019 (Ex. Dt. 27-12-2020)

Ans. (a) रणथम्भौर राष्ट्रीय उद्यान, राजस्थान का पहला राष्ट्रीय उद्यान है। इसे 1 नवम्बर, 1980 को राष्ट्रीय उद्यान का दर्जा दिया गया। यह राष्ट्रीय उद्यान सवाई माधोपुर जिले में अरावली और विंध्याचल पर्वतमालाओं के संगम पर 282 वर्ग किमी. क्षेत्र में फैला हुआ है।

563. कौन से राष्ट्रीय उद्यान/वन्यजीव अभयारण्य में 'जोगी महल' स्थित है?
(a) वन विहार अभयारण्य
(b) सरिस्का अभयारण्य
(c) रणथम्भौर राष्ट्रीय उद्यान
(d) केवलादेव घना राष्ट्रीय उद्यान
पुस्तकालयाध्यक्ष ग्रेड-III परीक्षा तिथिः19-09-2020

Ans. (c) जोगी महल राजस्थान के रणथम्भौर राष्ट्रीय उद्यान में पदम तालाब के पास स्थित है। जोगी महल का निर्माण सवाई माधोसिंह (जयपुर) के द्वारा करवाया गया था। रणथम्भौर राष्ट्रीय उद्यान राजस्थान का पहला राष्ट्रीय उद्यान माना जाता है जो सवाई माधोपुर जिले में स्थित है। इस उद्यान से होकर चम्बल तथा बनास नदियां बहती हैं। रणथम्भौर राष्ट्रीय उद्यान को 'शेरों की भूमि' और 'बाघों का घर' उपनाम से भी जाना जाता है।